नव भारत
1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण

# भाजपा की कार्यकारिणी घोषित

**09** उपाध्यक्ष प्रदेश में बीजेपी ने बनाए | **04** महामंत्री भाजपा के बनाए गए | **09** मंत्री संगठन में भाजपा ने बनाए

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 23 अक्टूबर. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में 9 उपाध्यक्ष, 4 महामंत्री और 9 मंत्री बनाये हैं. लता वानखेड़े, सुमेर सिंह सोलंकी, गौरव रणदिवे और राहुल कोठारी को प्रदेश महामंत्री बनाया गया है.**

कार्यकारिणी में 10 उपाध्यक्ष और 10 ही मंत्री बनाये जा सकते हैं. लेकिन दोनों ही मामलों में फिलहाल एक-एक पद की कटौती कर दी गई है. वर्ष 2020 में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बगावत कर तत्कालीन कांग्रेस सरकार को गिरा दी थी और प्रदेश में फिर भाजपा की सरकार बनी थी, उस परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए तब प्रदेश कार्यकारिणी में 14 उपाध्यक्ष, 5 महामंत्री और



शैलेन्द्र बरुआ | सुरेंद्र शर्मा | प्रभुराम चौधरी | नंदिता पाठक
लता वानखेड़े | सुमेर सोलंकी | राहुल कोठारी | गौरव रणदिवे

14 मंत्री पद निर्मित करने की मंजूरी भाजपा हाईकमान से मिल गई थी, जिससे कि सिंधिया समर्थकों को कार्यकारिणी में पर्याप्त तवज्जो मिल सके, लेकिन एक बार फिर भाजपा संगठन ने अनुशासन और पार्टी नियमों को प्राथमिकता देते हुए पदों की संख्या को सीमित कर दिया है. यह क्षेत्रीय और जातीय संतुलन को ध्यान में रखकर किया जाएगा, जिससे कि नये लोगों को संगठन में काम करने का मौका मिल सके. इधर मौजूदा भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल पर एक बार फिर संगठन ने भरोसा जताया है और मीडिया प्रभारी का दायित्व बरकरार रखा है. अखिलेश जैन भी कोषाध्यक्ष पद पर बरकरार रखे गये हैं. वहीं अब तक रीवा संभाग में संगठन मंत्री का दायित्व संभाल रहे श्याम महाजन अब प्रदेश कार्यालय मंत्री का दायित्व संभालेंगे. सीएम मोहन यादव के पसंदीदा प्रभुलाल जाटव को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है. इसी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी पूर्व मंत्री प्रभुराम चौधरी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है. सबसे बडी बात यह कि पिछली कार्यकारिणी में शामिल 13 पदाधिकारी नई कार्यकारिणी में भी जगह पाने में सफल हुए हैं, वहीं 16 नये कार्यकर्ताओं को भी टीम में काम करने का मौका मिला है.

### नई कार्यकारिणी

**उपाध्यक्ष:** रणबीर रावत, कांतदेव सिंह, प्रभुराम चौधरी, शैलेन्द्र बरुआ, मनीषा सिंह, नंदिता पाठक, सुरेंद्र शर्मा, निशांत खरे, प्रभुलाल जाटव.
**महामंत्री :** लता वानखेड़े, सुमेर सोलंकी, राहुल कोठोरी, गौरव रणदिवे.
**मंत्री :** रजनीश अग्रवाल, लोकेंद्र पाराशर, जयदीप पटेल, क्षितिज भट्ट, संगीता सोनी, राजेन्द्र सिंह, अर्चना सिंह, राजो मालवीय, बबीता परमार. **कोषाध्यक्ष :** अखिलेश जैन. **कार्यालय मंत्री :** श्याम महाजन. **मीडिया प्रभारी :** आशीष उषा अग्रवाल, **मोर्चा अध्यक्ष :** किसान मोर्चा, जयपाल सिंह चावड़ा, एससी मोर्चा, भगवान सिंह परमार, एसटी मोर्चा , पंकज टेकाम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, पवन पाटीदार.

## एक नजर में



### शीतकाल के लिए बंद हुए यमुनोत्री धाम के कपाट

**यमनोत्री.** उत्तराखंड में स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट भैय्या दूज पर्व पर गुरुवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शीतकाल के लिए बन्द कर दिए गए. कपाट अपराह्न 12 बजकर 30 मिनट पर बंद किए गए. इस शुभ अवसर पर सैकड़ों तीर्थयात्रियों ने धाम में उपस्थित होकर मां यमुना के दर्शन किए. कपाट बंद होने की परंपरा के अनुसार खरसाली गांव से समेश्वर देवता (शनिदेव) की डोली मां यमुना को लेने यमुनोत्री धाम पहुंची. केदारनाथ धाम के कपाट भी बंद उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ धाम के कपाट गुरुवार को शीतकाल के लिए बंद हो गए हैं. आर्मी बैंड ने बाबा की विदाई के दौरान पारंपरिक धुन बजाई. इस पवित्र क्षण का साक्षी बनने के लिए सीएम पुष्कर सिंह धामी भी मंदिर में पहुंचे.

### बैंक अकाउंट में अब 4 नॉमिनी जोड़ पाएंगे

**नई दिल्ली.** बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 2025 के अंतर्गत जमाकर्ताओं को वारिस नामांकित करने में एक से अधिक व्यक्तियों को चुनने के महत्वपूर्ण प्रावधान पहली नवंबर से प्रभावित हो जाएंगे. यह जानकारी वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी है. नामांकन संबंधी प्रावधानों के अनुसार कोई जमाकर्ता अब अपनी पसंद के अनुसार वरीयता क्रम में चार व्यक्तियों को नामित कर सकता है. इससे संबंधित खाता में पड़ी राशि पर दावों के समाधान में एकरूपता, पारदर्शिता और सरलता आएगी. बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम , 2025 का मुख्य उद्देश्य बैंकों के संचालन व्यवस्था में सुधार तथा जमाकर्ताओं और निवेशकों के हितों के संरक्षण के उपाय को मजबूत करना है.

### नए सीजेआई की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली.** सरकार ने अगले चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) की नियुक्ति की प्रोसेस शुरू कर दी है. मौजूदा चीफ जस्टिस बीआर गवई 23 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं. सरकार जल्द ही जस्टिस गवई को लेटर भेजेगी, जिसमें उनसे उनके उत्तराधिकारी का नाम सुझाने के लिए कहा जाएगा. यह लेटर जल्द भेजा जा सकता है. कानून मंत्री मौजूदा सीजेआई से उनके उत्तराधिकारी का नाम सुझाने की सिफारिश करेंगे. मौजूदा नियमों (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर) के अनुसार, भारत का चीफ जस्टिस हमेशा सुप्रीम कोर्ट के सबसे वरिष्ठ जजों में से चुना जाता है.



## आग में दम घुटने से कांग्रेस नेता और कारोबारी प्रवेश अग्रवाल की मौत

- अखंड ज्योत से उजला किया था घर, चिराग की आग ने बुझा दी ज़िंदगी
- बेटी गंभीर, पत्नी और दूसरी बेटी सुरक्षित



**नवभारत न्यूज़**
**इंदौर.** दीपों के त्यौहार को उजियारा देने के लिए जलाई गई अखंड ज्योत शुक्रवार तड़के एक परिवार के लिए काल बन गई. देवास नाका स्थित सौम्या महिंद्रा व्हीकल्स शोरूम के ऊपर बने घर में आग लगने से शोरूम संचालक और कांग्रेस नेता 48 वर्षीय कारोबारी प्रवेश अग्रवाल की दम घुटने से मौत हो गई. बेटी को बचाने की कोशिश में वे खुद लपटों और धुएं में फंस गए. जिस बेटी को बचाने गए थे, उसकी हालत अभी भी गंभीर है, जबकि पत्नी और दूसरी बेटी खतरे से बाहर हैं.

प्रवेश अग्रवाल अपने परिवार के साथ शोरूम के तीसरे माले पर बने पेंट हाउस में रहते थे। तड़के करीब साढ़े चार बजे घर में अचानक आग भड़क उठी. बताया जा रहा है कि पेंट हाउस के मंदिर में दीपावली पर अखंड ज्योत जलाई गई थी. रात में चूहों ने दीपक की रूई खींच ली, जिससे पास रखे कपड़ों में आग लग गई, कुछ ही मिनटों में धुआं पूरे घर में फैल गया था. नींद खुलने पर प्रवेश और उनकी पत्नी श्वेता ने बचाव का प्रयास किया. बड़ी बेटी 14 वर्षीय सौम्या अपने कमरे में फंसी थी, उसे निकालने के लिए प्रवेश वहां पहुंचे, लेकिन घने धुएं और अंधेरे के कारण उन्हें कुछ समझ नहीं आया. स्टाफ के लोगों द्वारा बताया गया कि दम घुटने से वे गिर पड़े थे. स्टाफ के कर्मचारियों ने परिवार को निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्रवेश को मृत घोषित कर दिया वहीं सौम्या अभी भी अचेत है और उसका इलाज जारी है. जबकि पत्नी श्वेता व छोटी बेटी मायरा की स्थिति सामान्य बताई जा रही है.

( शेष पृष्ठ 12 पर )

## शिखर सम्मेलन में वर्चुअली शामिल होंगे मोदी



नई दिल्ली 23 अक्टूबर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 22 वें आसियान -भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से हिस्सा लेने के निर्णय से उनकी मलेशिया यात्रा तथा वहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मुलाकात की संभावनाओं को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लग गया है.

दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन (आसियान) -भारत शिखर सम्मेलन 26 से 28 अक्टूबर तक कुआलालंपुर में हो रहा है. गुरुवार को प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी. बाद में विदेश मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 26 अक्टूबर को इस सम्मेलन में वर्चुअल माध्यम से भाग लेंगे. वक्तय में कहा गया है कि मोदी और आसियान नेता संयुक्त रूप से आसियान-भारत संबंधों में प्रगति की समीक्षा करेंगे तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की पहलों पर चर्चा करेंगे.

## पांच जिला अस्पतालों में 800 बिस्तर बढ़ेंगे : सीएम

**कैबिनेट ने लिया निर्णय**
**बेहतर संचालन के लिये 810 नये पद भी सृजित होंगे**

**प्रशासनिक संवाददाता**
**भोपाल, 23 अक्टूबर.** प्रदेश के पांच जिला चिकित्सालयों को अपग्रेड कर यहां बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जाएगी. टीकमगढ़, नीमच, सिंगरौली, श्योपुर एवं डिण्डौरी जिला अस्पताल में कुल 800 बिस्तरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी. यहां बिस्तरों की संख्या बढ़ने पर स्टॉफ की भी नई नियुक्ति होगी. इन पांच जिला अस्पतालों में 810 नये पद भरे जाएंगे.

गुरुवार को कैबिनेट ने इस संबंध में पेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. निर्णय के तहत जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में बिस्तर की संख्या 300 से बढ़कर 500, नीमच में 200 से बढ़ाकर 400, सिंगरौली में 200 से बढ़ाकर 400, श्योपुर में 200 से बढ़ाकर 300 और जिला चिकित्सालय डिंडौरी में बिस्तरों की संख्या 100 से बढ़ाकर 200 की गयी है.

### किसानों को जीरो फीसदी ब्याज पर कर्ज मिलता रहेगा

प्रदेश में किसानों को जीरो फीसदी ब्याज दर पर कर्ज मिलता रहेगा. कैबिनेट ने वर्ष 2025-26 के लिए सहकारी बैंकों के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना को निरंतर रखे जाने की मंजूरी दी है. खरीफ 2025 सीजन की ड्यू डेट 28 मार्च, 2026 और रबी 2025-26 सीजन की ड्यू डेट 15 जून 2026 नियत की गयी है.

## 15 प्रतिशत हो जाएगा टैरिफ

भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील पर लग सकता है अंतिम विराम



**नई दिल्ली 23 अक्टूबर. भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से ट्रेड डील को लेकर चल रही बातचीत पर शायद अब अंतिम विराम लगने वाला है. एक रिपोर्ट के अनुसार दोनों देश ट्रेड डील के बेहद करीब पहुंच चुके हैं. भारत पर लगा 50 फीसदी टैरिफ घटकर 15 से 16 फीसदी तक हो सकता है.**

रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा और कृषि पर आधारित इस समझौते के तहत भारत धीरे-धीरे रूसी कच्चे तेल के आयात में कमी ला सकता है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की. उन्होंने बताया कि बातचीत मुख्यत: व्यापार पर केंद्रित रही. उन्होंने कहा कि ऊर्जा पर भी उनकी बातचीत हुई और मोदी ने उन्हें आश्वासन दिया कि भारत रूस से अपनी तेल खरीद सीमित करेगा. बता दें कि रूस से भारत द्वारा तेल की खरीद के कारण भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगा है. वर्तमान में, रूस भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 34 प्रतिशत आपूर्ति करता है.

## इंस्टा-रील बनाते समय युवक ट्रेन से टकराया, मौत

**भुवनेश्वर/पुरी 23 अक्टूबर.** ओडिशा के पुरी जिले में एक 15 साल के किशोर को पुल पर खड़े होकर पीछे से आती ट्रेन को शूट करना भारी पड़ गया. ट्रेन की टक्कर में किशोर की जान चली गई, जिस मोबाइल से वह वीडियो शूट कर कर रहा था. वह ट्रैक पर पड़ा मिला. पुलिस के अनुसार यह घटना जनकदेवपुर रेलवे स्टेशन पर हुई. मंगलघाट निवासी विश्वजीत साहू अपनी मां के साथ दक्षिणकाली मंदिर गया था. घर लौटते समय वह सोशल मीडिया के लिए एक छोटा वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए रेलवे ट्रैक के पास रुका.

## तेजस्वी महागठबंधन का सीएम चेहरा

- मुकेश सहनी को डिप्टी के तौर पर किया पेश
- राजस्थान के पूर्व सीएम गहलोत ने की घोषणा

**पटना, 23 अक्टूबर ( वार्ता )** तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव में तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री चेहरा घोषित कर दिया है. वहीं मुकेश सहनी को डिप्टी के तौर पर पेश किया गया.

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने गठबंधन की तरफ से आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को महागठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया. इस घोषणा के समय घटक दलों के प्रमुख नेता भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिनवादी (भाकपा-माले) के दीपंकर भट्टाचार्य, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के ललन चौधरी और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के मुकेश सहनी उपस्थित थे.

**बैठक में निर्णय** | नाग, टॉरपीडो और सुपर रैपिड गन से सेना की बढ़ेगी ताकत

## 79 हजार करोड़ के रक्षा सौदों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली 23 अक्टूबर (वार्ता) रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर उनकी मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 79 हजार करोड़ रुपये के रक्षा खरीद सौदों को मंजूरी दे दी है.**



इन रक्षा सौदों में मुख्य रूप से सेना के लिए नाग मिसाइल सिस्टम, ग्राउंड बेस्ट मोबाइल सिस्टम, क्रेन और हाई मोबिलिटी व्हीकल की खरीद के प्रस्ताव शामिल हैं. इनमें नौसेना के लिए नेवल सरफेस गन और वायु सेना के लिए भी लंबी दूरी के मिशन में महत्वपूर्ण प्रणाली की खरीद भी शामिल है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को यहां हुई रक्षा खरीद परिषद की बैठक में लगभग 79 हजार करोड़ रुपये के इन रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. बैठक के बाद रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि इन सौदों के अंतर्गत सेना के लिए टॉरपीडो, सुपर रैपिड गन, नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) एम के-2 , ग्राउंड बेस्ड मोबाइल सिस्टम (जीबीईएमएस) और मैटेरियल हैंडलिंग क्रेन के साथ हाई मोबिलिटी व्हीकल्स की खरीद के लिए जरूरत के आधार पर खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है.

नाग मिसाइल सिस्टम (ट्रैक्ड) की खरीद से सेना की दुश्मन के लड़ाकू वाहनों, बंकरों और अन्य क्षेत्रीय किलेबंदी को बेअसर करने की क्षमता बढ़ेगी, जबकि जीबीईएमएस दुश्मन के गतिविधियों की चौबीसों घंटे इलेक्ट्रॉनिक खुफिया जानकारी प्रदान करेगा. हाई मोबिलिटी व्हीकल की मदद से सेनाओं को अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में रसद सहायता पहुंचाने में मदद मिलेगी.

